(ख) क्या यह भी सच है कि कुछ बड़े नेता स्थानीय दल-राजनीति और गुटवाद का समर्थन कर रहे हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त कारण से विश्वविद्यालय के कार्यकारी निकाय में शिक्षा विज्ञों की सदा कमी रही है; और

(घ) यदि हां, तो विश्वविद्यालय के कार्य को सुधारने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन)** : (क) से (घ). सूचना उत्तर प्रदेश सरकार से एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

### अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

7710. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अलीगढ़ नगर के सब कालेजों को अलीगढ़ विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्ध करने के बारे में अब तक अन्तिम निर्णय लेने में क्या-क्या कठिनाई आई हैं; और

(ख) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन सम्बन्धी विधेयक कब पुरःस्थापित किया जायेगा ?

**शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन)** : (क) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अधिनियम में पहले से ही ऐसी व्यवस्था है जिसके अधीन विश्वविद्यालय मस्जिद के 15 मील के अन्तर्गत स्थित कालेजों और संस्थाओं को, विश्वविद्यालय जिन विशेषाधिकारों को उपयुक्त समझे उनके मुताबिक, सम्बद्ध करने का विश्वविद्यालय को अधिकार है । किन्तु, अधिनयम की प्रस्तावना में विश्वविद्यालय की आवासीय प्रकृति पर जोर दिया गया है और विश्वविद्यालय ने वास्तव में अभी तक किसी कालेज को सम्बद्ध नहीं किया है ।

(ख) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव सरकार के सक्रिय रूप से विचाराधीन है और एक विधेयक यथाशीघ्र संसद में पेश किया जाएगा ।

### दिल्ली पुलिस कर्मचारी

7711. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष हुई दिल्ली पुलिस कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान दिल्ली पुलिस के कुल कितने कर्मचारियों को बरखास्त किया गया और कितनों को नौकरी से निकाला गया है ;

(ख) कितने कर्मचारियों पर न्यायालय में मुकदमे चल रहे हैं; और

(ग) उन में से कितने कर्मचारी हरिजन हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) 15 अप्रैल से, 18 अप्रैल, 1967 की अवधि में दिल्ली पुलिस के जिन अराजपत्रित कर्मचारियों ने आन्दोलन सम्बन्धी गतिविधियों में भाग लिया था, उनमें से 11 को बर्खास्त कर दिया गया था ।

(ख) 802.

(ग) उनमें से हरिजन कर्मचारियों की संख्या, जिन पर न्यायालयों में मुकदमा चल रहा है, 147 है ।

### Indian Students Abroad

7712. SHRI ONKAR LAL BERWA : Will the Minister of EDUCATION be pleased to state :

(a) the number of Indian students studying in foreign countries alongwith the names of the places were they are studying and the facilities provided to them by Government;

(b) whether Government have laid down a condition that such students have to come back to India and serve the nation;

(c) if so, the number of such students who have been taken in Government or Private service on their return to India during the last three years; and

(d) whether there are such students also who have joined service in foreign countries ?

THE MINISTER OF EDUCATION (DR. TRIGUNA SEN) : (a) The latest available information regarding number of Indian Students studying abroad is given in the annexure laid on the Table of the House [*Placed in Library. See* No. LT 942/68] Government of India does not incur any expenditure on scholars going abroad on scholarships financed by foreign Governments/Organisations. However, in very few exceptional cases cost of passage is granted.

(b) This condition is laid down for sponsored scholars who go abroad under different scholarship schemes of foreign Governments/Organisations.

(c) and (d). The information is not available.

**दिल्ली नगर निगम को 1968-69 के लिये धनराशि का नियतन**

7713. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री:** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली नगर निगम ने सरकार से 1968-69 के लिये अधिक धनराशि का नियतन करने का अनुरोध किया है क्योंकि अन्यथा कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं पर जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ नये स्कूलों का खोलना, स्कूलों की इमारतों का निर्माण और मलेरिया उन्मूलन के कार्य सम्मिलित हैं, धन की कमी के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है; और

(ख) सरकार ने इस बारे में क्या निर्णय किया है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) :** (क) और (ख). दिल्ली नगर निगम ने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सड़कों से सम्बन्धित योजना-स्कीमों के लिये सरकार से 1968-69 के लिये सहायता-अनुदान के रूप में और अधिक धन देने के लिये अनुरोध किया है जो दिल्ली प्रशासन द्वारा उनके लिये निर्धारित योजना की उच्चतम सीमाओं के बराबर हो। दिल्ली नगर निगम को सहायता-अनुदान देने के प्रश्न पर अन्तिम निर्णय मोरारका आयोग की सिफारिशें प्राप्त होने पर लिया जायेगा जिसे निगम के आर्थिक साधनों पर विचार करने के लिये नियुक्त किया गया है।

**Bridge on National Highway No. 45 near Tambaram.**

7714. SHRI KAMALANATHAN :
SHRI MAYAVAN :

Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state :

(a) whether there is a proposal to construct an overbridge near Tambaram on National Highway No. 45 in Madras; and

(b) if so, the reasons for the delay in commencing the bridge ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF TRANSPORT AND SHIPPING (SHRI BHAKT DARSHAN) : (a) Yes, Sir.

(b) The overbridge proper is to be constructed by the Railway from their funds after obtaining technical approval for the design from this Ministry. The approaches will be constructed by the State Public Works Department. A modified design with drawings for the overbridge is awaited from the Railway. In the meantime, land for the approaches has been acquired and tenders for the construction of the approaches have been invited by the State Public Works Department, the last date for the receipt of tenders being the 17th April, 1968.

**लेफ्टिनेंट गवर्नर, दिल्ली का निवास स्थान**

7715. **श्री श्रीचन्द गोयल :**
**श्री शारदानन्द :**

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965-66 तथा 1966-67 वर्षों में लेफ्टिनेन्ट गवर्नर, दिल्ली के सरकारी निवास स्थान पर कितना धन व्यय हुआ था; और